कक्षा IX में नव प्रवेश हेतु सूचना
सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल, कमच्छा
सत्र 2014–15

दिनांक 15.06.2014

1. प्रवेश के समय अभ्यर्थी को SET-2014 के मूल Admit Card एवं Registration Form के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।
2. कक्षा IX में प्रवेश हेतु (प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर) दिनांक 23.06.2014 को प्रातः 08.00 बजें से 12.00 बजें तक कौसिलिंग होगी।
3. जिन छात्रों नें प्रवेश परीक्षा में 66 या इससे अधिक अंक प्राप्त किए है प्रवेश के लिए टी.सी. (मूल प्रति), मार्क शीट (मूल एवं प्रमाणित फोटो प्रति), चरित्र प्रमाण पत्र एवम् निर्धारित फीस (रु. 5000/– लगभग) साथ लाएंगे।
4. जो छात्र प्रवेश परीक्षा में 57 या इससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं वे **प्रतीक्षा** में कौंसिलिंग के दिन अर्थात् 23.06.2014 को मार्क शीट (मूल एवं प्रमाणित फोटो प्रति) चरित्र प्रमाण पत्र, निर्धारित फीस साथ लाएगे। **सीट की उपलब्धता पर ही मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।**
5. बी.एच.यू. इम्पलाई वार्ड कैटेगरी के अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश परीक्षा में 33 या इससे अधिक अंक प्राप्त किए है, बी.एच.यू. SC/ST के सभी अभ्यर्थी प्रवेश हेतु इम्पलाई सर्टिफिकेट (मूल प्रति) मार्क शीट, (मूल एवं प्रमाणित फोटो प्रति), टी.सी. (मूल प्रति) चरित्र प्रमाण पत्र तथा SC/ST सर्टिफिकेट एवम् निर्धाति फीस (रु. 5000/– लगभग) साथ लाये। **एल.टी.सी. सेल बी.एच.यू. से कर्मचारी प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।**
6. SC कैटेगरी के अभ्यर्थी जिन्होंने 59 अंक तक प्राप्त किये हैं वे कौंसिलिंग तिथि 23.06.2014 को अपने जाति का मूल प्रमाण पत्र, टी.सी., मार्क शीट (मूल एवं प्रमाणित फोटो प्रति), चरित्र प्रमाण पत्र एवं निर्धारित फीस के साथ उपस्थित रहेंगे। 44 अंक या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रतीक्षा सूची में दिनांक 23.06.2014 को उपस्थित रहेंगे। उनका प्रवेश सीट की उपलब्धता पर मेरिट से किया जायगा।
7. ST कैटेगरी के अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश परीक्षा में 48 अंक तक प्राप्त किए है कौसिलिंग तिथि 23.06.2014 को अपने जाति का मूल प्रमाण पत्र, टी.सी. मार्क शीट (मूल एवं प्रमाणित फोटो प्रति) चरित्र प्रमाण पत्र एवं निर्धारित फीस के साथ उपस्थित रहेंगे। 37 या इससे अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी प्रतीक्षा सूची में दिनांक 23.06.2014 को उपस्थित रहेंगे। उनका प्रवेश सीट की उपलब्धता पर ही मेरिट से किया जायेगा।
8. P.C. कैटेगरी के अभ्यर्थी जिन्होंने 33 या इससे अधिक अंक प्राप्त किये है कौसिलिंग तिथि 23.06.2014 को अपने मूल प्रमाण पत्र (PC) मार्क शीट (मूल एवं प्रमाणित फोटो प्रति), चरित्र प्रमाण पत्र एवं निर्धारित फीस के साथ उपस्थित रहेंगे। उनका प्रवेश सीट के अनुसार मेरिट से किया जायेगा।
9. यदि किसी वर्ग की सीट नहीं भरती है तो अगली कौसिलिंग तिथि की घोषणा समाचार पत्र के माध्यम से की जायगी।

नोट –

1. अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार एक–एक कर पुकारा जायेगा। पुकार के समय अनुपस्थित रहने की स्थिति में उनकी सीट अगले अभ्यर्थी को दे दी जायगी। ऐसे अनुपस्थित अभ्यर्थी बाद में प्रवेश हेतु कोई दावा प्रस्तुत नहीं कर सकेंगे।
2. सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति के साथ एक–एक फोटो कापी लाना अनिवार्य है।
3. प्रतीक्षा सूची वाले को टी.सी. लाना अनिवार्य नहीं है।